भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1417#
गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा

1417# श्री राजीब भट्टाचार्जी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किसी विशेष योजना या परियोजना स्वीकृत की है;

(ख) वर्तमान में त्रिपुरा में मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कितनी परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं और इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत कितनी है; और

(ग) क्या सरकार भविष्य में त्रिपुरा को "फोकस पर्यटन स्थल" के रूप में विकसित करने के लिए कोई विशिष्ट कार्ययोजना तैयार कर रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): राज्य-विशेष पर्यटन कार्य योजना तैयार करने सहित पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'-स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को धन की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, राज्य सरकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने अपनी 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक पहल के अंतर्गत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। त्रिपुरा राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी सतत प्रचार संबंधी कार्यकलापों के तहत सोशल मीडिया, प्रचार संबंधी वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में त्रिपुरा के पर्यटन स्थलों और उत्पादों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

*****

अनुबंध

श्री राजीब भट्टाचार्जी द्वारा त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1417# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के तहत त्रिपुरा राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
स्वदेश दर्शन			
1.	अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंजा - गंडाचारा - अंबासा का विकास	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16	82.85
2.	सूरमाचेर्रा- उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुणाबती- भुनानेश्वरी- नीरमहल- बॉक्सनगर- छोटाखोला- पिलक- अवंगचार्रा का विकास	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19	44.83
प्रशाद योजना			
1.	उदयपुर के त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास	2020-21	34.43
स्वदेश दर्शन 2.0			
1.	अगरतला में त्रिपुरा विरासत ग्राम और संगीत का अनुभव (चरण-1 और 2)	2024-25	48.94
पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)			
1.	गोमती में बंदुआर में शक्ति पीठ पार्क	2024-25	97.70

*****